नार्थ सेन्ट्रल रेलवे इम्पलाईज संघ

NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

नार्थ सेन्ट्रल रेलवे इम्पलाईज संघ

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : NCRES/84/21 Date : 6.6.2021

श्रीमान प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषय :— दादरी व मैनपुरी स्टेशन पर चिकित्सकीय सुविधाओं का अभाव।
संदर्भ :—(1) NCRES का पी.एन.एम. मद संख्या 12/9/14
(2) NCRES का पत्र संख्या 99/NCRES/20 दिनांक 20.5.2020

महोदय,

PNM के माध्यम से अवगत कराया गया था कि दादरी व मैनपुरी उपक्षेत्र में लगभग एक हजार से भी अधिक कर्मचारी कार्यरत है किन्तु चिकित्सकीय सुविधाओं के अभाव में कर्मचारी व उनका परिवार दर–दर की ठोकर खाने को मजबूर है व बहुत सारे कर्मचारी समय पर इलाज न मिल पाने के कारण गम्भीर बीमारियों के शिकार भी हो जाते है व अकुशल चिकित्सको के शोषण का शिकार होते है।

"संघ" की मांग थी कि दादरी व मैनपुरी स्टेशनो पर हेल्थ यूनिट खोली जाय व सप्ताह में कम से कम 2 दिन रेलवे के डाक्टर को भेजने की व्यवस्था की जाय।

खेद के साथ अवगत कराना पड़ रहा है कि दिनांक 25/26 फरवरी 2020 के पी.एन.एम. में हुये निर्णय के बावजूद अभी तक न तो इन स्टेशनो पर डाक्टर भेजने की व्यवस्था की गयी एवं न ही मोबाइल वैन की सुविधा ही प्रदान की गयी जिससे तमाम कर्मचारी व उनका परिवार चिकित्सकीय सुविधाओं से वंचित है।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री